(a) whether any oil exploration has been conducted in any part of Kerala in the recent past;

(b) if so, what are the results and the details thereof;

(c) whether any indication of oil or natural gas deposits was available in and around vempanad back waters; and

(d) if so, by when the drilling for exploitation of the deposits proposed to be taken up?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI RAFIQUE ALAM): (a) and (c). No, Sir.

(b) and (d) Do not arise.

पेट्रोल वितरक चयन बोर्ड की स्थापना

531 **श्री मिर्जा इर्शाद बेग** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गैस और पेट्रोल वितरकों का चयन करने के लिये कितने जोनों में चयन बोर्ड कार्य कर रहे हैं ;

(ख) ऐसे बोर्डों के नाम और संख्या क्या है जो कार्य नहीं कर रहे हैं और ये कब से कार्य नहीं कर रहे हैं तथा इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इन बोर्डों द्वारा कब से कार्य शुरू कर दिये जाने की सम्भावना है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उप मंत्री (श्री रफीक आलम): (क) से (ग) एम एस/एचएसडी, एलपीजी तथा एसकेओ/एलडीओ के लिये डिस्ट्रीब्यूटरों/डीलरों का चयन करने के लिये फिलहाल 4 तेल चयन बोर्ड हैं यथा, तेल चयन बोर्ड (उत्तर), तेल चयन बोर्ड (पश्चिम), तेल चयन बोर्ड (पश्चिम), तेल चयन बोर्ड (पूर्व), ये सभी बोर्ड काम कर रहे हैं ।

सिलेंडर कैप के गुम हो जाने पर वसूल किया जाने वाला शुल्क

532. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री वह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में विशेष रूप से पूर्वी दिल्ली में रसोई गैस के वितरक सिलेंडर की कैप के गुम हो जाने पर उपभोक्ता से 2.50 रु० वसूल करते हैं तथा उपभोक्ता को इसकी कोई रसीद नहीं दी जाती ; और

(ख) यदि हां, तो रसीद न दिये जाने के क्या कारण हैं और क्या इस सम्बन्ध में कोई जांच किये जाने का विचार है जिससे उपभोक्ता के हितों की रक्षा की जा सके ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उप मंत्री (श्री रफीक आलम): (क) और (ख) यह रिपोर्ट मिली है कि पूर्वी दिल्ली (यमुना पार) के कुछ वितरकों ने सिलेण्डर की कैप गुम हो जाने पर अनजाने में दो की बजाए 2.50 रुपये वसूल किए हैं । इस सम्बन्ध में रसीद जारी करने के निर्देश देने के साथ-साथ सुधारात्मक उपाय भी किये जा रहे हैं ।

ग्राहकों को एल० पी० जी० सिलेंडर की सप्लाई

533. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वह सच है कि दिल्ली में विशेष रूप से पूर्वी दिल्ली में एल० पी०जी० वितरक ऐसे ग्राहकों को सिलेंडर देने से सामान्यतया इन्कार कर देते हैं जो स्वयं वितरक के पास जाकर सिलेंडर की सप्लाई मांगते है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ; और सरकार इस मामले को सुलझाने के लिये क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उप मंत्री (श्री रफीक आलम :